Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 03 | नात्सीवाद और हिटलर

## QUIZ-02

**1. हिटलर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**

A. 1890, जर्मनी
B. 1889, ऑस्ट्रिया
C. 1895, बर्लिन
D. 1888, म्यूनिख (B)

***व्याख्या :*** हिटलर का जन्म 1889 में ऑस्ट्रिया में हुआ था।

**2. 1919 में हिटलर ने किस पार्टी की सदस्यता ली थी?**

A. कम्युनिस्ट पार्टी
B. जर्मन वर्कर्स पार्टी
C. सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी
D. लिबरल पार्टी (B)

***व्याख्या :*** हिटलर ने 1919 में जर्मन वर्कर्स पार्टी की सदस्यता ली, जिसे बाद में नात्सी पार्टी नाम दिया गया।

**3. 1923 में हिटलर ने किस क्षेत्र पर कब्जा करने की योजना बनाई थी?**

A. बर्लिन
B. बवेरिया
C. राइनलैंड
D. ऑस्ट्रिया (B)

***व्याख्या :*** 1923 में हिटलर ने बवेरिया पर कब्जा करने की योजना बनाई थी, लेकिन विफल रहा।

**4. 1929 में नात्सी पार्टी को राइखस्टाग के चुनावों में कितने प्रतिशत वोट मिले थे?**

A. 2.6%
B. 10%
C. 25%
D. 37% (A)

***व्याख्या :*** 1929 में नात्सी पार्टी को केवल 2.6% वोट मिले थे।

**5. 1933 में किस राष्ट्राध्यक्ष ने हिटलर को चांसलर बनने का निमंत्रण दिया?**

A. स्टालिन
B. हिन्डनबर्ग
C. मुसोलिनी
D. चर्चिल (B)

***व्याख्या :*** 30 जनवरी 1933 को राष्ट्रपति हिन्डनबर्ग ने हिटलर को चांसलर बनने का न्यौता दिया।

**6. 23 फरवरी 1933 को जारी "फायर डिक्री" से किस अधिकार को निलंबित कर दिया गया था?**

A. संपत्ति का अधिकार
B. अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता
C. शिक्षा का अधिकार
D. मतदान का अधिकार (B)

***व्याख्या :*** "फायर डिक्री" के तहत अभिव्यक्ति, प्रेस और सभा करने की स्वतंत्रता को निलंबित किया गया।

**7. 'इनेबलिंग ऐक्ट' (विशेषाधिकार अधिनियम) कब पारित किया गया?**

A. 30 जनवरी 1933
B. 23 फरवरी 1933
C. 3 मार्च 1933
D. 28 फरवरी 1933 (C)

***व्याख्या :*** 3 मार्च 1933 को 'इनेबलिंग ऐक्ट' पारित हुआ, जिससे जर्मनी में तानाशाही लागू हुई।

**8. हिटलर ने किस अर्थशास्त्री को आर्थिक सुधारों की जिम्मेदारी सौंपी थी?**

A. हेनरिक हिमलर
B. जोसेफ गोएबल्स
C. ह्यालमार शाख़्ट
D. अल्बर्ट स्पीयर (C)

***व्याख्या :*** हिटलर ने ह्यालमार शाख़्ट को आर्थिक सुधारों और रोजगार कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी थी।

**9. 1938 में हिटलर ने किस देश को जर्मनी में मिला लिया था?**

A. पोलैंड
B. फ्रांस
C. ऑस्ट्रिया
D. रूस (C)

***व्याख्या :*** 1938 में हिटलर ने "एक जन, एक साम्राज्य, एक नेता" के नारे के तहत ऑस्ट्रिया को जर्मनी में मिला लिया।

**10. अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में कब शामिल हुआ?**

A. 1936
B. 1939
C. 1941
D. 1945 (C)

***व्याख्या :*** 1941 में जापान ने पर्ल हार्बर पर बमबारी की, जिसके बाद अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल हुआ।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App